संशोधित अनुमान, 2000-2001

वर्ष 2000-2001 के लिए व्यय के संशोधित अनुमान में बजट अनुमानों की तुलना में 2,965 करोड़ रुपए की निवल कमी दर्शायी गई है। यद्यपि, कतिपय क्षेत्रों में व्यय में वृद्धि हुई है, फिर भी इसे अन्य क्षेत्रों में हुई कमी द्वारा प्रतिसंतुलित कर लिया गया है। आयोजना-भिन्न के अंतर्गत कमी 1,103 करोड़ रुपए और आयोजना के अंतर्गत 1,862 करोड़ रुपए है। जिन प्रमुख मदों में घट-बढ़ हुई है उन्हें नीचे दर्शाया गया है :–

(करोड़ रुपए)

	बजट 2000-01	संशोधित 2000-01	घट-बढ़
आयोजना-भिन्न			
1. ब्याज संदाय	101266	100667	(-) 599
2. रक्षा	58587	54461	(-) 4126
3. खाद्य संबंधी आर्थिक सहायता	8210	12125	(+) 3915
4. नाइट्रोजनी उर्वरक	8558	9481	(+) 923
5. डाक संबंधी घाटा	1962	1553	(-) 409
6. पेंशन	15843	14532	(-) 1311
7. पुलिस	6735	7500	(+) 765
8. राज्य सरकारों को अनुदान	17088	15441	(-) 1647
9. सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को अनुदान/ऋण	1236	2081	(+) 845
10. अन्य आयोजना-भिन्न व्यय	30902	31443	(+) 541
जोड़ (आयोजना-भिन्न) व्यय	**250387**	**249284**	**(-) 1103**
आयोजना			
1. केन्द्रीय आयोजना	51276	48269	(-) 3007
2. राज्य और संघ राज्य क्षेत्र की आयोजनाओं के लिए केन्द्रीय सहायता	36824	37969	(+) 1145
जोड़ (आयोजना) व्यय	**88100**	**86238**	**(-) 1862**

आयोजना-भिन्न

1. वर्ष के दौरान अधिक समान रूप से विस्तीर्ण उधारों और सरकार की सुधरी हुई अर्थोपाय स्थिति के कारण।
2. कम पूंजी व्यय के कारण।
3. माल सूची वहन लागत में वृद्धि और अंत्योदय कार्यक्रम के कारण।
4. कच्ची सामग्री निविष्टियों की लागत में वृद्धि के कारण।
5. डाक संबंधी घाटे में कमी एजेंसी कार्यों के लिए अन्य विभागों से वसूलियों में वृद्धि के कारण है।
6. यह कमी मुख्यतः रक्षा पेंशनों के कारण है।
7. यह वृद्धि मुख्यतः पुलिस आधुनिकीकरण कार्यक्रम के कारण है।
8. यह कमी मुख्यतः अनुदानों के निर्गमन के लिए संबद्ध शर्तों को पूरा नहीं करने के कारण है।
9. अतिरिक्त प्रावधान मुख्यतः सरकारी क्षेत्र के रूग्ण उपक्रमों को अपने कर्मचारियों को वेतन और मजदूरी का भुगतान करने योग्य बनाने और स्वैच्छिक पृथक्करण स्कीम तथा सांविधिक बकाए के भुगतान के लिए उनके संसाधनों में हुई कमी को पूरा करने के लिए है।
10. यह वृद्धि मुख्यतः अन्य आयोजना-भिन्न व्यय में सामान्य वृद्धि के कारण है।

आयोजना

1. कार्यान्वयनकारी एजेंसियों के पास मध्याह्न भोजन कार्यक्रम, आपरेशन ब्लैकबोर्ड, एडस नियंत्रण, राष्ट्रीय राजमार्ग आदि के लिए किए गए वर्धित प्रावधान में व्यय नहीं की गई शेष राशि की उपलब्धता के कारण संपूर्ण बचत हुई।
2. यह वृद्धि मुख्यतः विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए सहायता में हुई वृद्धि के कारण है।